विज्ञान संकाय

आवश्यक सूचना

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में पंजीकृत बी.एससी. भाग द्वितीय के विज्ञान संकाय के समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी सत्र 2020–21 की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 20 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ होगी।

विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को केवल अपनी विषय सम्बन्धी (वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र की) प्रायोगिक फाईल उपस्थिति–पत्र पर अपने हस्ताक्षर करते हुए जमा करवानी है। फाईल जमा करने का कार्य बैच के अनुसार ही सम्पन्न होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ सम्बन्धित विषयों की सम्पूर्ण फाईल पूर्ण रूप से तैयार कर लानी है।

सभी विद्यार्थियों को अपने साथ महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय–पत्र/आधार कार्ड एवं प्रायोगिक शुल्क जमा की रसीद (स्वयंपाठी विद्यार्थियों को) लाना आवश्यक है, जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित प्रयोगशाला में व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे के मध्य यह कार्य करवाना है। प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं महाविद्यालय की वेबसाईट (www.lcc.ac.in) पर देखी जा सकती है।

कोविड–19 प्रोटोकोल की पालना करना अनिवार्य होगा, जिसके अन्तर्गत डिस्टेंसिंग की पालना, स्वयं के लिए सेनेटाइजर, पानी की बोतल एवं मास्क लगाकर महाविद्यालय में आना अनिवार्य है। फाईल जमा करवाने का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा –

1. बी.एससी. भाग द्वितीय (बायोलोजी ग्रुप) – सितम्बर 20–21, 2021, समय प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक, स्थान – सम्बन्धित विषयों की प्रयोगशाला।
2. बी.एससी. भाग द्वितीय (गणित ग्रुप) – सितम्बर 22–23, 2021, समय प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक, स्थान – सम्बन्धित विषयों की प्रयोगशाला।
3. बी.एससी. भाग द्वितीय के **स्वयंपाठी विद्यार्थी : बायोलोजी ग्रुप** – सितम्बर 24–25, 2021 और **गणित ग्रुप** सितम्बर 27–28, 2021 समय प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक, स्थान – सम्बन्धित विषयों की प्रयोगशाला।

प्राचार्य

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू